राज्यों में बेरोज़गारी की असमान दर

चर्चा में क्यों?

संसद के वर्तमान मानसून सत्र में सरकार ने बेरोज़गारी से संबंधित [वर्ष 2017-2018 में किये आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (The Periodic Labour Force Survey) के] आँकड़े प्रस्तुत किये हैं, जिनके अनुसार देश में नगालैंड में बेरोज़गारी दर सबसे अधिक 21.4 प्रतिशत है, वहीं मेघालय में बेरोज़गारी दर सबसे कम सिर्फ 1.5 प्रतिशत है।

मुख्य बिंदु :

- रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक बेरोज़गारी वाले राज्य नगालैंड और सबसे कम बेरोज़गारी वाले राज्य मेघालय के बीच विचलन या अंतर बहुत अधिक है।
- सर्वाधिक बेरोज़गारी में नगालैंड के बाद दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः गोवा और मणिपुर का है।
- यदि इन आँकड़ों में केंद्र शासित प्रदेशों को भी शामिल कर दिया जाए तब भी नगालैंड इस सूची में सबसे ऊपर है, परंतु 0.6 प्रतिशत की दर के साथ दादर और नगर हवेली सबसे कम बेरोज़गारी वाला प्रदेश बन जाएगा।
- महिला और पुरुष बेरोज़गारों की अलग-अलग सूची देखें तो इनमें भी नगालैंड और मेघालय अपने -अपने स्थान पर बरकरार हैं।
- राज्यों से संबंधित आँकड़े निम्नलिखित हैं:

राज्य	महिला बेरोज़गारी दर(%)	पुरुष बेरोज़गारी दर(%)
बिहार	2.8	7.4
मध्यप्रदेश	2.1	5.3
राजस्थान	2.3	6.0
उत्तर प्रदेश	3.1	6.9

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण

(The Periodic Labour Force Survey)

- **आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण** की शुरुआत वर्ष 2017 में **राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (National Sample Survey Organisation)** द्वारा की गई थी।
- इससे पूर्व सरकार रोज़गार और बेरोज़गारी से संबंधित आँकड़े जानने के लिये **रोज़गार-बेरोज़गारी सर्वेक्षण** कराती थी।
- इसका उद्देश्य रोज़गार और बेरोज़गारी के तिमाही आँकड़े प्राप्त करना है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-divide-in-unemployment